# 14 रुपए और पैसे


0326CH14









* कागज़ की एक शीट लें और उसको बीच से मोड़ें और खोल लें।




* दोनों कोनों 'अ' और 'ब' को इस तरह मोड़ें कि वे बिंदुओं वाली रेखा पर मिलें





* अब कागज़ की शीट कुछ इस तरह की दिखेगी




* कागज़ की शीट के ऊपरी हिस्से को पीछे की तरफ़ मोड़ें ताकि शीट का पिछला हिस्सा कुछ ऐसा दिखे




और आगे का हिस्सा कुछ ऐसा दिखे







* कागज़ की शीट के आगे वाले भाग को ऊपर रखें और 'कख' और 'गघ' वाले किनारों को इस तरह मोड़ें कि वे बिंदुओं वाली रेखा पर मिल सकें।

अब यह कुछ ऐसा दिखेगा –




© NCERT not to be republished

* ऊपरी हिस्से को बिंदियों वाली रेखा के बराबर मोड़ें जिससे यह कुछ इस तरह का दिखे –



* पीछे के फ़्लैप को नीचे मोड़ें और अब पैसे रखने के लिए बटुआ तैयार हो गया!





### अपना बटुआ अपने पैसे

* अलग-अलग सिक्कों को इकट्ठा करो।
* एक सिक्के को किसी ठीक सी जगह पर रखो और उस पर एक पतला कागज़ रखो।
* एक हाथ से कागज़ को तान कर पकड़ो। पेंसिल की नोंक को सिक्के के ऊपर कागज़ पर घिसो।
* धीरे-धीरे सिक्के की छाप कागज़ पर उभर आएगी।
* छपे हुए कागज़ के सिक्के को काट कर बाहर निकालो और अपने बटुए में रखो।



© NCERT not to be republished

अब कागज़ को काट कर कुछ नोट बनाओ और हर नोट पर उसकी कीमत लिखो।



## पैसे का खेल

★ नोटों और सिक्कों का इस्तेमाल करते हुए नीचे दिए गए पैसों की रकम दिखाओ। (कुछ पैसे तुम अपने बनाए हुए बटुए में भी रख सकते हो।)

– छब्बीस रुपए



– 4 रुपए 75 पैसे

– 78 रुपए

– 130 रुपए

– 8 रुपए 75 पैसे

– 53 रुपए

***हर चित्र में नोटों और सिक्कों से दिखाई गई पैसे की रकम को लिखो।***



एक सौ एक रुपए



______________________

© NCERT not to be republished



______________________________




______________________________



______________________________


© NCERT not to be republished




यहाँ चलें, इस स्टोर में अपने आप ही सामान उठा कर खरीदना है।

**क) लिख कर देखे बिना क़ीमत का पता लगाओ:**

* एक गेंद और एक खिलौना गाड़ी
  ____________ रुपए
* एक कॉपी और दो पेंसिलें
  ____________ रुपए
* दो केले और एक गिलास दूध
  ____________ रुपए
* एक गुड़िया और एक गेंद
  ____________ रुपए
* एक गिलास नींबू पानी और एक पैकेट बिस्कुट
  ____________ रुपए







© NCERT not to be republished

**ख ) कुल कीमत का पता लगाओ –**

* एक खिलौना जिराफ़, एक कॉपी और एक गिलास नींबू पानी ₹ ______
* एक गिलास दूध, एक पैकेट बिस्कुट और एक केला ₹ ______
* एक कॉपी, दो पेंसिल और दो रबर ______
* दो लट्टू, तीन टॉफ़ी और दो केले ______

**ग ) अगर तुम्हारे पास ₹ बीस का नोट हो तो तुम क्या-क्या खरीद सकते हो?**

* 1 खिलौना गाड़ी, 1 गिलास नींबू पानी, 1 केला
* ____________, ____________, ____________
* ____________, ____________, ____________
* ____________, ____________, ____________
* ____________, ____________, ____________




रसीद

सेल्फ़ सर्विस स्टोर

| सामान | दर प्रति सामान | ₹ | पैसे |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | कुल | | |

**घ ) तुमने जिन चीज़ों को खरीदा अब उसके लिए एक रसीद बनानी है।**

इससे पहले कि हम इसे जोड़ें इसका अंदाज़ा लगाओ कि तुम्हें कितने पैसों की ज़रूरत होगी। उसके बाद पता करो कि कुल कितने पैसे हुए और देखो कि तुम्हारा अंदाज़ा कितना सही था।

© NCERT not to be republished

मोनू ने नीचे दी गई रसीदें तैयार कीं –

इन रसीदों की जाँच करो और अगर उनमें तुम्हें कोई गलती दिखाई दे तो उसे ठीक करो।

**रसीद**
**सेल्फ़ सर्विस स्टोर**

| सामान | दर प्रति सामान | ₹ | पैसे |
|---|---|---|---|
| 1 गेंद | 7 | 7 | 00 |
| 3 पेंसिल | 2.50 | 7 | 50 |
| 5 टॉफ़ी | | 2 | 50 |
| | कुल | 17 | 00 |

**रसीद**
**सेल्फ़ सर्विस स्टोर**

| सामान | दर प्रति सामान | ₹ | पैसे |
|---|---|---|---|
| 1 खिलौना गाड़ी | | 15 | 00 |
| 3 गिलास दूध | 3.50 | 10 | 00 |
| 4 नोटबुक | 5 | 20 | 50 |
| | कुल | 45 | 00 |

**रसीद**
**सेल्फ़ सर्विस स्टोर**

| सामान | दर प्रति सामान | ₹ | पैसे |
|---|---|---|---|
| 1 खिलौना गाड़ी | 6.50 | 6 | 50 |
| 3 पेंसिल | 2.50 | 7 | 50 |
| 7 टॉफ़ी | .50 | 3 | 50 |
| 1 बिस्कुट | 4.50 | 4 | 50 |
| | कुल | 21 | 50 |

* इन्हें जोड़ो –

क) ₹ 12.50 + ₹ 13.00 = ______

ख) ₹ 55.50 + ₹ 14.00 = ______

ग) ₹ 30.00 + ₹ 31.50 = ______

* इन्हें घटाओ –

क) ₹ 25.50 – ₹ 11.50 = ______

ख) ₹ 103.50 – ₹ 62.00 = ______

ग) ₹ 19.50 – ₹ 7.00 = ______

***च) तुम्हारे पास ₹ 30 हैं। पता लगाओ तुम्हारे पास कितना पैसा बचेगा अगर तुम इन सामानों को खरीदते हो –***

* एक गेंद, एक गुड़िया और एक खिलौना जिराफ़

  कुल कीमत ______। पैसे बचे ______।

* दो केले, एक पैकेट बिस्कुट और दो गिलास नींबू पानी

  कुल कीमत ______। पैसे बचे ______।



© NCERT not to be republished



* तीन कॉपियाँ, दो पेंसिलें और दो रबड़


कुल कीमत ______। पैसे बचे ______।

**अभ्यास का समय**



क) तीन दोस्त मिलकर क्रिकेट का एक बैट और गेंद खरीदना चाहते हैं।

बीना के पास ₹ 48.50, रमन के पास ₹ 55.50 और वेणु के पास ₹ 38.00 हैं। कुल मिलाकर उनके पास कितने रुपए हैं?




ख) हरि ने ₹ 62.50 का रेलवे का टिकट लिया। उसने ₹ 100 का नोट दिया। उसे टिकट के साथ कितने रुपए वापस मिलेंगे?


ग ) गीता अपने दोस्तों के साथ बाज़ार गई। उसने ₹ 58, ₹ 37 और ₹ 22 का सामान खरीदा। गीता के पास ₹ 100 का नोट है। उसे बिल चुकाने के लिए अपने दोस्तों से और कितने पैसे लेने होंगे?



© NCERT not to be republished

घ)

## मुंबई समाचार
### कारखाने से बच्चों को छुड़ाया




एक चूड़ी बनाने वाले कारखाने में काम करने वाले 10 छोटे बच्चों को आज छुड़ाया गया। एक संवाददाता और पुलिस ने उनका वहाँ बुरा हाल देखा। कारखाने में बच्चों से काफ़ी मुश्किल काम कराए जाते थे। उन्हें एक दिन में केवल ₹ 80 मिलते थे।

बच्चे अपने गाँव के घर में वापिस जाकर बहुत खुश हुए। वे एक खास स्कूल में जाएँगे ताकि वे अपनी उम्र के दूसरे बच्चों की तरह पढ़ना-लिखना सीखें। बच्चों से इस तरह काम कराकर कारखाने का मालिक अपना पैसा बचाना चाह रहा था। अब पुलिस अपना काम करेगी।



चलो देखते हैं कि कारखाने वाले ने कितना पैसा बचाने की कोशिश की।

एक बड़े आदमी को काम के लिए मिलना चाहिए = ₹ 513 रोज़

एक बच्चे को दिए गए = ₹ 80 रोज़

एक व्यक्ति पर कारखाने ने बचाए ₹ 513 – _____ = ₹ 433 रोज़

10 बच्चों पर कारखाने ने बचाए

₹ 433 × 10 = ₹ _____ रोज़


**पता लगाओ**

तुम्हारे इलाके में क्या ऐसी दुकानें और कारखाने हैं जहाँ छोटे बच्चों से काम कराया जाता है?

इनमें से कुछ बच्चों से बात करो।

उन्हें वहाँ कितना पैसा मिलता है?

ज़रूरी नहीं है कि पैसे की समझ केवल खरीदने और बेचने को ही लेकर हो। शिक्षक इससे जुड़े हुए मुद्दों पर बच्चों के अपने अनुभवों के बारे में बात कर सकते हैं, जैसे मज़दूरी और काम आदि।




© NCERT not to be republished

## रेल-यात्रा

यह रेल नयी जलपाईगुड़ी से गुवाहाटी तक जाती है। रास्ते में यह नया माल, अलीपुरद्वार और गोआलपारा स्टेशनों पर रुकती है।

अलग-अलग स्टेशनों के लिए रेल टिकट की कीमतें नीचे तालिका में दिखाई गई हैं।

| *नयी जलपाईगुड़ी से दूरी (किलोमीटर में)* | *स्टेशन* | *किराया (₹ में)* |
|---|---|---|
| 57 | नया माल | 12.50 |
| 175 | अलीपुरद्वार | 28.00 |
| 366 | गोआलपारा | 49.50 |
| 495 | गुवाहाटी | 62.50 |




© NCERT not to be republished

***दूरी का पता लगाओ –***

क) नया माल से गुवाहाटी तक ______________

ख) नया माल और गोआलपारा के बीच ______________

ग) अलीपुरद्वार से गुवाहाटी तक ______________

घ) नया माल और अलीपुरद्वार के बीच ______________

च) गोआलपारा से गुवाहाटी तक ______________

***टिकट की क़ीमत का पता लगाओ –***

क) भूपेन को नयी जलपाईगुड़ी से अलीपुरद्वार जाना है। उसका टिकट कितने का होगा?

ख) इंदिरा को नयी जलपाईगुड़ी से गोआलपारा जाना है। उसे टिकट के लिए कितने पैसे देने होंगे?


ग) देबू, सीमा और गोविंद नयी जलपाईगुड़ी से नया माल तक जा रहे हैं। तीन टिकटों के लिए उन्हें कितने पैसे देने होंगे?

उन्होंने टिकटों के लिए ₹ 50 का नोट दिया। उन्हें कितना पैसा वापिस मिलेगा?




# कैंची करे काम


5-टुकड़ों वाला टैनग्राम (पेज 66)




7-टुकड़ों वाला टैनग्राम (पेज 67)




इन टाइलों को काट निकालो और कार्ड पर चिपकाओ। हर टाइल की बहुत सारी छापें बनाओ और इनसे फ़र्श को ढको।












इन्हें काट निकालो और रुपए-पैसों के खेल में इस्तेमाल करो।

© NCERT not to be republished